Ch. 10 निवेश गुणक तथा उसका कार्यकरण

(Investment Multiplier and its Working)

निवेश गुणक :- गुणक, आय में होने वाली वृद्धि तथा निवेश में होने वाली वृद्धि का अनुपात है। जब निवेश में वृद्धि होती है तो आय में होने वाली वृद्धि, निवेश में होने वाली वृद्धि की तुलना में कई गुना अधिक होती है। जितने गुना वृद्धि अधिक होती है उसे ही गुणक कहते हैं।

परिभाषा : केन्ज के अनुसार, " निवेश गुणक से ज्ञात होता है कि जब अतिरिक्त निवेश में वृद्धि की जायगी तो आय में जो वृद्धि होगी वह निवेश में होने वाली वृद्धि से K गुना अधिक होगी।"

गुणक को निम्नलिखित सूत्र द्वारा व्यक्त किया जा सकता है :

$$\Delta Y = K \Delta I$$

$$K = \frac{\Delta Y}{\Delta I}$$

(31)

K = गुणक, ΔI = निवेश में परिवर्तन ΔY = आय में परिवर्तन

Example :- उदाहरण के लिए, मान लीजिए भारत सरकार ने ₹ 100 करोड़ का गाँवों में रोजगार बढ़ाने के लिए निवेश किया। इसके फलस्वरूप राष्ट्रीय आय में ₹ 200 करोड़ की वृद्धि हुई। अतः $K = \frac{\Delta Y}{\Delta I} = \frac{200}{100} = 2$

अर्थात गुणक 2 होगा।

गुणक तथा सीमांत उपभोग प्रवृत्ति का संबंध :- गुणक प्रायः सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) के द्वारा निर्धारित होती है। सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) जितनी अधिक होगी गुणक उतना ही अधिक होगा। इसके विपरीत सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) जितनी कम होगी गुणक भी उतना ही कम होगा क्योंकि अर्थव्यवस्था में एक व्यक्ति का व्यय दूसरे व्यक्ति की आय होती है। अतः जब निवेश में वृद्धि की जाती है तो लोगों की आय में वृद्धि होती है, लोग बढ़ी हुई आय का कुछ भाग उपभोग पर खर्च कर देते हैं तथा कुछ भाग बचत कर लेते हैं। उपभोग पर किया गया व्यय सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) पर निर्भर करेगा। यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति अधिक है तो वे आय का अधिक भाग उपभोग पर व्यय करेंगे, फलस्वरूप कुछ अन्य लोगों की आय में वृद्धि होगी। यह प्रक्रिया तब तक चलती रहेगी जब तक उपभोग का व्यय शून्य नहीं हो जाता।

गुणक तथा mpc के बीच को निम्नलिखित समीकरण द्वारा दर्शाया जाता है: $K = \frac{\Delta Y}{\Delta I}$

$\Delta Y = \Delta C + \Delta I$ (क्योंकि $Y = C + I$)

या $\Delta I = \Delta Y - \Delta C$

या $K = \frac{\Delta Y}{\Delta Y - \Delta C}$ ——— (i)

या $K = \frac{1}{1 - \frac{\Delta C}{\Delta Y}}$ (समीकरण (i) के ΔY से भाग देने पर)

या $K = \frac{1}{1 - mpc} = \frac{1}{mps}$ $(mps = 1 - mpc)$

उदाहरण: (i) यदि mpc = 0.5 तो गुणक (K) होगा—

गुणक $(K) = \frac{1}{1-mpc} = \frac{1}{1-\frac{5}{10}} = \frac{1}{\frac{1}{2}} = 1 \times \frac{2}{1} = 2$

अतः गुणक = 2 Ans. (3)

(ii) यदि mpc = 0.9 तो गुणक होगा:

गुणक $(K) = \frac{1}{1-mpc} = \frac{1}{1-\frac{9}{10}} = \frac{1}{\frac{1}{10}} = 10$

अतः गुणक $(K) = 10$ Ans.

(iii) यदि गुणक $(K) = 5$, $\Delta I = ₹\ 50$ करोड़ तो ΔY (आय में परिवर्तन) ज्ञात करो।

Solution: $K = \frac{\Delta Y}{\Delta I}$

$5 = \frac{\Delta Y}{50}$

$\Delta Y = 50 \times 5$

$\Delta Y = ₹\ 250$ करोड़